डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

रविवार

26 नवंबर 2023

आपकी आवाज




लैंगिक हिंसा और भेदभाव के खिलाफ चुप्पी तोड़ें, उठाएं आवाज: डीडीसी

2



## उत्तरकाशी में रेस्क्यू ऑपरेशन जारी, बार-बार आ रही है बाधा

**एजेंसी/नई दिल्ली**

उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर निमार्णाधीन सिलक्यारा सुरंग हादसे में फंसे 41 मजदूरों को निकालने का अभियान अभी भी पूरा नहीं हुआ है। शनिवार को अभियान का 14वां दिन रहा। बचाव अभियान के लिए ड्रिलिंग के आखिरी चरण काम एक बार फिर बाधित होने की वजह से रोक देना पड़ा।


एनएचआईडीसीएल के महाप्रबंधक कर्नल दीपक पाटिल ने बताया कि मशीन के आगे बार-बार लोहे की चीजें आने से कार्य प्रभावित हो रहा है। अभी 47 मीटर तक ड्रिलिंग हुई है। करीब दस मीटर तक और ड्रिलिंग शेष है। सिलक्यारा की जिस सुरंग में 14 दिन से मजदूर फंसे हैं, उसके प्रवेश द्वार पर रिस रहे पानी ने सबकी चिंताएं बढ़ा दी है। शनिवार को पानी टपकने लगा। हालांकि, अधिकारी इसे सामान्य घटना मान रहे हैं। सुरंग में ऑगर ड्रिलिंग बंद हो गई है। इसके बाद अब सुरंग के ऊपर वर्टिकल ड्रिलिंग के लिए मशीनें चढ़ना शुरू हो गई हैं। ऑगर मशीन में बरमे के ब्लेडों को काटकर निकालने के लिए हैदराबाद से प्लाज्मा कटर मंगाया गया है। जिसके पहुंचने का इंतजार है। बीएसएनएल के कर्मचारी कुंदन ने बताया कि सरकार के निर्देश पर सुरंग के पास एक लैंडलाइन सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। जिससे श्रमिकों के परिजन उनसे बात कर सकें। इसके लिए तार बिछाने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही लैंडलाइन फोन भेज दिया जाएगा। दूसरी तरफ सीएम पुष्कर सिंह धामी लगातार मौके पर बने हुए हैं। उन्होंने यहीं पर अपना अस्थाई कैंप बनाया है, जहां से बाकी काम भी कर रहे हैं।

## तेजस पर सफलतापूर्वक उड़ान पूरी की, यह अनुभव अविश्वसनीय था: मोदी

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेंगलुरु में तेजस विमान से भरी उड़ान
- उड़ान से पहले प्रधानमंत्री ने एचएएल की फैसिलिटी में किया तेजस की मैन्यूफैक्चरिंग हब का निरीक्षण

**एजेंसी/बेंगलुरु**





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर्नाटक के बेंगलुरु में तेजस विमान से उड़ान भरी। पीएम मोदी शनिवार को बेंगलुरु में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमटेड की फैसिलिटी पहुंचे थे। पीएमओ के मुताबिक, उन्होंने तेजस की मैन्यूफैक्चरिंग हब का निरीक्षण किया। उड़ान के बाद पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, तेजस पर सफलतापूर्वक उड़ान पूरी की। यह अनुभव अविश्वसनीय था। इस अनुभव ने हमारे देश की स्वदेशी क्षमताओं में मेरे विश्वास को काफी हद तक बढ़ा दिया है। इसने हमारी राष्ट्रीय क्षमता के बारे में मुझमें नए सिरे से गर्व और आशावाद की भावना जागृत की है। जानकारी के मुताबिक, सरकार ने देश की रक्षा तैयारियों को बढ़ाने और स्वदेशीकरण के लिए जो बड़ा कदम उठाए हैं, उनमें तेजस विमान भी शामिल है। पहला विमान 2016 में वायुसेना में शामिल किया गया था। वर्तमान में इंडियन एयरफोर्स के दो स्क्वाड्रन, 45 स्क्वाड्रन और 18 स्क्वाड्रन एलसीए तेजस के साथ पूरी तरह से काम कर रही हैं।

**तेजस में अमेरिकी इंजनों का होता है इस्तेमाल:** तेजस के बहुत से पार्ट्स विदेशों से भी लिए गए हैं। इनमें अमेरिका, इंग्लैंड और इजराइल जैसे देश शामिल हैं। जैसे अमेरिका की जनरल इलेक्ट्रोनिक्स के इंजन और इजराइली रडार्स इसमें इस्तेमाल किए गए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक तेजस में 65 फीसदी कंपोनेंट्स स्वदेशी और बाकी विदेशी पार्ट्स का इस्तेमाल किया गया है। भारत सरकार ने हिंदुस्तान एयरोनोटिक्स लिमिटेड को 83 तेजस मार्क-1 फाइटर विमान बनाने के लिए 48,000 करोड़ रुपए का कॉन्ट्रैक्ट किया है।

**2016 में इंडियन एयरफोर्स में किया गया शामिल:** जुलाई 2001 में एलसीए के पहले प्रोटोटाइप ने उड़ान भरी। यानी इसकी पहली एक्सपेरीमेंटल उड़ान भरी गई। इसके बाद भी तेजस को इंडियन एयरफोर्स में शामिल होने के लिए 15 साल का समय लग गया। साल 2013 में तेजस को पहला स्टेट ऑपरेशनल क्लियरेंस मिला। इसके बाद साल 2016 में दो एमके-1 तेजस विमानों को इंडियन एयरफोर्स में शामिल किया गया। साल 2020 में तेजस को फाइनल ऑपरेशनल क्लियरेंस मिला।

### तेजस की क्या है खासियत

तेजस भारत में बनाया गया पहला लाइट वेट फाइटर प्लेन है। इस लड़ाकू विमान की कुल लंबाई 13.2 मीटर और ऊंचाई 4.4 मीटर है। खाली तेजस विमान का वजन 6,560 किलो है। सामान के साथ 9800 किलोग्राम है। तेजस अत्यधिक टेकऑफ वेट 13,500 किलो उठा सकता है। यानी तेजस, सुखोई लड़ाकू विमान के बराबर भार उठा सकता है, जबकि यह उससे काफी हल्का है। तेजस फाइटर विमान की स्पीड साउंड की स्पीड के बराबर है जो 52,000 फीट की ऊंचाई तक 1.6 से 1.8 मैक की स्पीड से उड़ सकता है।

### खबरें फटाफट

#### यूपी विधानसभा का शीतकालीन सत्र की शुरुआत 28 से

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र 28 नवंबर से शुरू हो रहा है। 66 साल बाद योगी सरकार में विधानसभा सत्र नये नियमों के साथ संचालित होगा। पिछले सत्र में ही बदलावों को अनुमति मिलने के बाद अब इस सत्र से इन्हें लागू कर दिया जाएगा। इसके अंतर्गत अब नेताओं को सदन में मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा सत्र के दौरान सदन में झंडा और बैनर ले जाने पर भी प्रतिबंध होगा। वहीं योगी सरकार के दौरान नारी शक्ति को प्राथमिकता देने के संकल्प का सदन में भी असर देखने को मिलेगा। सत्र के दौरान महिला सदस्यों को बोलने में खास वरीयता दी जाएगी। सत्र के पहले दिन सदन के वर्तमान और भूतपूर्व सदस्यों के निधन पर शोक व्यक्त किया जाएगा। वहीं 29 नवंबर को प्रथम पहर में सदन में औपचारिक कार्य, जिसमें अध्यादेशों, अधिसूचनाओं, नियमों आदि को सदन के पटल पर रखा जाएगा। साथ ही विधेयकों का पुर:स्थापन कार्य होगा। दोपहर 12:30 के बाद वित्तीय वर्ष 2023-24 के अनुपूरक अनुदानों की मांगों का प्रस्तुतिकरण एवं अन्य विधाई कार्य निपटाए जाएंगे। इस सत्र की खास बात ये रहेगी कि महिला सदस्यों को बोलने में वरीयता दी जाएगी। 30 नवंबर को वित्तीय वर्ष 2023-24 के अनुपूरक अनुदानों पर चर्चा होगी। सदस्यगणों की मांगों पर विचार एवं मतदान होगा।

### विधानसभा चुनाव: मुख्य मुकाबला कांग्रेस और बीजेपी के बीच

## राजस्थान की 199 सीटों के लिए शाम 5 बजे तक 68.24 % वोटिंग

- मतदान के दौरान एक-दो जगहों पर हुईं छिटपुट हिंसा की घटनाएं
- शाम पांच बजे के बाद भी कई बूथों पर लगी थी मतदाओं की लंबी कतार
- राजस्थान में हर पांच साल में सरकार बदलने का रहा है रिवाज

**एजेंसी/जयपुर**

राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार को प्रदेश की कुल 200 में से 199 विधानसभा सीटों पर वोट डाले गए। सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे 68.24 प्रतिशत वोटिंग हुई है। वहीं इसके बाद भी वोट करने के लिए बूथों पर मतदाताओं की लंबी कतार लगी हुई थी। इस कारण वोटिंग प्रतिशत और बढ़ सकता है। मतदाताओं का उत्साह देखकर लग रहा है कि इस बार बीते चुनाव से ज्यादा मतदान होने की संभावना है। राज्य में विधानसभा की 200 सीटें हैं लेकिन 199 सीटों पर मतदान हुआ। करणपुर सीट से विधायक गुरमीत सिंह कुन्नर के निधन के कारण वहां चुनाव स्थगित किया गया है। वह इस बार भी इस सीट से चुनाव लड़ रहे थे। मतदान के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। हालांकि, इस दौरान एक-दो जगहों पर छिटपुट हिंसा की घटनाएं भी सामने आई हैं। इस बीच राजस्थान सरकार के राजस्व मंत्री रामलाल जाट पर जानलेवा हमला होने की खबर है। वहीं, धौलपुर जिले में भी फायरिंग से हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने बताया कि 199 सीट पर 1862 उम्मीदवार मैदान में हैं, जहां मतदाताओं की संख्या 5,25,38,105 है। राज्य में 36101 स्थानों पर कुल 51507 मतदान केंद्र बनाए गए थे।



### पीएम मोदी ने रैलियों में मुझ पर बोला धावा: अशोक गहलोत

वोटिंग से पहले मीडिया से बात करते हुए राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि पहले प्रधानमंत्री केवल एक या दो मीटिंग, 'एक समय था जब प्रधानमंत्री राज्य में सिर्फ 2-3 रैलियां ही करते थे और उनका संदेश गांव-गांव तक जाता था, लेकिन अब, प्रधानमंत्री को 30 बैठकें करनी पड़ती हैं। उन्होंने अपने भाषणों के दौरान मुझ पर हमला किया क्योंकि उन्हें इस बात का दुख है कि वे (बीजेपी) राजस्थान में हमारी सरकार नहीं गिरा सके इसलिए वह हम पर धावा बोल रहे हैं।

राजस्थान में मुख्य मुकाबला कांग्रेस और बीजेपी के बीच है। 1993 में बीजेपी के सत्ता में आने के बाद से हर पांच साल में यहां सरकार बदलने का रिवाज रहा है। इस दौरान कांग्रेस और बीजेपी की सरकारें ही बनती रही हैं। इसलिए बीजेपी नेता उम्मीद लगाए हैं कि इस बार भी यह रिवाज जारी रहा तो सत्ता की बागडोर बीजेपी के हाथ आएगी। वहीं, कांग्रेस को उम्मीद है कि करीब तीन दशक से चला आ रहा यह रिवाज इस बार बदलेगा। कांग्रेस और बीजेपी दोनों की ओर से कई चुनावी वादे किए गए हैं। कांग्रेस ने सात गारंटियों की घोषणा के साथ ही अशोक गहलोत सरकार के कार्यों, उसकी ओर से चलाई गई योजनाओं और कार्यक्रमों पर जनता का ध्यान खींचने की कोशिश की है। वहीं, बीजेपी ने इस चुनाव के मद्देनजर अपने चुनाव प्रचार अभियान में महिलाओं के खिलाफ अपराध, तुष्टिकरण, भ्रष्टाचार और पेपर लीक जैसे मुद्दों को लेकर गहलोत सरकार को जमकर घेरा है।

मतदान प्रक्रिया सुचारू, शांतिपूर्ण ढंग से करवाने के लिए 1,70,000 से अधिक सुरक्षाकर्मी लगाए गए थे। जिनमें राजस्थान पुलिस के 70 हजार से अधिक जवान, 18 हजार राजस्थान होमगार्ड, 2 हजार राजस्थान बॉर्डर होमगार्ड, अन्य राज्यों के 15 हजार होमगार्ड और आरएसी की 120 कंपनियां शामिल हैं।


## केंद्र सरकार बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दे तो दो साल में खत्म हो जाएगी गरीबी: सीएम नीतीश

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को मुंगेर में राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि हमने पहले ही कह दिया था कि मुंगेर में राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल बनना चाहिए। इसके कार्यक्रम का जब मेरे पास आया तो इसमें केवल राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय ही लिखा हुआ था। तुरंत हमने अधिकारियों से बातचीत किया कि इसमें अस्पताल भी जोड़ा जाए। इसके बाद बिहार में कॉलेज और अस्पताल दोनों साथ ही करने का निर्देश दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा हमलोगों ने एक बार ललन बाबू से कहा कि आप अगर एमपी बनना चाहते हैं तो मुंगेर से बनिए। बहुत खुशी हुई कि आपलोगों ने इन्हें एमपी बनाया। आपसे आग्रह करेंगे कि सब दिन इनको एमपी बनाए रखिए।



नीतीश कुमार ने कहा कि अपर कास्ट, पिछड़ा, अति पिछड़ा, अनुसूचित जाति और जनजाति सभी लोगों के विकास के लिए बिहार सरकार काम कर रही है। आरक्षण संशोधन विधेयक भी हमलोगों ने लाया। राज्य सरकार सभी वर्ग के लोगों को 2 लाख रुपये रोजगार के मदद के लिए दे रही है। आरक्षण को 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत किया। हमलोग जितना काम हम लोग कर रहे हैं, केंद्र वाला लोग उसका विरोध कर रहा है। अगर केंद्र सरकार विशेष राज्य का दर्जा दे दे दे तो दो साल में गरीबी खत्म हो जाएगा। हमलोग विशेष राज्य के दर्जा के लिए अभियान चलाएंगे।



### 27 नवंबर को वाराणसी में देव दीपावली, रेत पर शिव के भजन और धुनों पर होगी ग्रीन आतिशबाजी

## काशी में क्रैकर, लेजर शो व संगीत के संगम की बहेगी अद्भुत धारा


**केटी न्यूज/वाराणसी**

काशी के अर्धचन्द्राकार गंगा घाटों पर दीपों का हार सजेगा, वहीं गंगा के दूसरी ओर पर्यटक आकाश में क्रैकर शो, लेजर शो और संगीत तीनों का एक साथ आनंद ले सकेंगे। रेत पर शिव के भजनों और धुनों पर ग्रीन आतिशबाजी होगी। वाराणसी में 27 नवंबर को मनाए जाने वाले देव दीपावली की तैयारी जोरों पर चल रही है। श्री काशी विश्वनाथ धाम के गंगा द्वार के सामने रेत पर ग्रीन एरियल फायर क्रैकर्स शो का आयोजन किया जाएगा। योगी सरकार देव दीपावली को दिव्य और भव्य बनाने के लिए 12 लाख दीपों से घाटों को रोशन करने के साथ, लेजर शो, क्रैकर्स शो का भी आयोजन करा रही है।

पर्यटन विभाग के डिप्टी डायरेक्टर राजेंद्र कुमार रावत ने बताया कि ग्रीन एरियल फायर क्रैकर्स शो की तैयारी तैयारी चल रही है। क्रैकर्स शो लगभग 13 मिनट का होगा। डोम एंटरटेनमेंट के इंडिया हेड संजय प्रताप सिंह ने बताया कि रेत पर लगभग 1 किलोमीटर के स्ट्रेच पर ग्रीन एरियल फायर क्रैकर्स शो होगा। भगवान शिव के ऊपर बने हर-हर शम्भू, शिव तांडव स्त्रोत आदि भजनों के 9 से 10 ट्रैक पर आतिशबाजी के शो का आयोजन होगा। आतिशबाजी के दौरान आसमान में सतरंगी छटा बिखरी दिखेगी। यही नहीं आकाश में कई तरह के आकर्षक आकार के चित्र भी दिखाई देंगे। उन्होंने जानकारी दी कि इस क्रेकर शो में पटाखे लगभग 60 से 70 मीटर ऊंचाई तक जाते हैं, जो काफी दूर से दिखाई देते हैं। ग्रीन एरियल फायर क्रैकर्स प्रदूषण रहित होते हैं। पटाखों की आवाज 70 डेसीबल से कम होती है।

बता दें कि मोदी-योगी सरकार ने देव दीपावली को लोकल से ग्लोबल बना दिया है। इस वर्ष देव दीपावली पर 7 से 8 लाख श्रद्धालुओं के काशी पहुंचने का अनुमान है। इसको देखते हुए प्रशासन सुरक्षा के कड़े इंतजाम कर रही है। घाटों और सड़कों पर यातायात को नियंत्रण करने का पुख्ता प्लान बनाया गया है।

### 11 टन फूलों से होगी बाबा विश्वनाथ धाम की सजावट



**वाराणसी।** श्रीकाशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण की तर्ज पर देव दीपावली के अवसर पर काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर को 11 टन फूलों से सजाने का कार्य हो रहा है। इसके अलावा 27 नवंबर को देव दीपावली की शाम श्रीकाशी विश्वनाथ धाम के गंगा द्वार पर भव्य लेजर शो का आयोजन भी योगी सरकार की ओर से किया जा रहा है। इसमे विश्वनाथ धाम, काशी और भगवान शिव की धार्मिक कथा और गाथा को पर्यटक देख और सुन पाएंगे। श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील वर्मा ने बताया कि गंगा द्वार पर लेजर शो के माध्यम से धाम पर आधरित, काशी के महत्व और कॉरिडोर के निर्माण सम्बंधित जानकारी को प्रदर्शित किया जाएगा। लेजर शो की अवधि 5 मिनट की होगी, जो कई बार प्रसारित किया जाएगा। लेजर शो इस तरह से कराया जा रहा है जिससे नौकायन करने वाले और घाटों पर मौजूद लोग आराम से देख सकें। उन्होंने बताया कि काशी की विश्व प्रसिद्ध देव दीपावली के मौके पर वाराणसी आने वाले पर्यटक श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में हाजिरी जरूर लगाते हैं। ऐसे में भक्तों के स्वागत के लिए बाबा के दरबार को आकर्षक देसी-विदेशी फूलों से सजाया जा रहा है। विशाखापटनम के एक व्यवसायी बाबा के धाम को 11 टन फूलो से सजवा रहे हैं। महादेव के धाम को सजाने के लिए फूल कोलकोता, बंगलुरू और विदेशों से आ रहा है।

केशव टाइम्स डिजिटल संस्करण
भोजपुर/औरंगाबाद/मगध
बक्सर, 26 नवंबर 2023
website:keshavtimes.com
e-mail:keshavtimes1@gmail.com


# लैंगिक हिंसा और भेदभाव के खिलाफ चुप्पी तोड़ें, उठाएं आवाजः डीडीसी

केटी न्यूज/औरंगाबाद

नई चेतना अभियान- पहल बदलाव की ओर कार्यक्रम के तहत अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास निगम, जीविका एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में लैंगिक समानता एवं लिंग आधारित हिंसा रोकने के मुद्दों पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन जिला योजना भवन सभागार, समाहरणालय परिसर औरंगाबाद में किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ उप विकास आयुक्त औरंगाबाद, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी शिक्षा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करने से पहले उप विकास आयुक्त ने जेंडर शपथ दिलाया। जिसमें हिंसा के खिलाफ हमेशा आवाज उठाने, कभी मूकदर्शक बनकर नहीं रहने, सहायता देने में पीछे नहीं रहने, सबके साथ समान व्यवहार करने, लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ चुप्पी तोड़ने एवं इसकी शुरूआत हम अपने घर से करें, जैसे बिंदुओं पर शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हम लैंगिक समानता एवं लिंग आधारित भेदभाव, हिंसा को रोकने के लिए लोगों को जागरूक करें। इसके लिए महिलाओं एवं बालिकाओं को शिक्षित होकर आगे आना होगा। लड़कियां आज हर क्षेत्र में परचम लहरा रही हैं सिर्फ उन्हें अवसर देने की आवश्यकता है। अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी ने कन्या भ्रूण हत्या रोकने, पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के बारे में बताया।

## बाल विवाह है अभिशाप, पहले पढ़ाई फिर सगाई

**औरंगाबाद।** गोह प्रखंड के सभी प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में सुरक्षित शनिवार के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बाल शोषण एवं बाल विवाह के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी गई। प्रखंड के बन्देया थाना क्षेत्र के राजकीय उर्दू मध्य विद्यालय जैतिया में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम में बच्चों को बताया गया कि बाल विवाह एवं बाल शोषण कानूनी अपराध है। विद्यालय की शिक्षिका फरहत बानो , बसंती कुमारी, रेहाना खातून ने बाल विवाह पर बच्चों से एक नाटक का मंचन करवाया। इसके जरिए सामाजिक कुरीतियों को दूर करने की आग्रह किया गया। बच्चों ने अभिनय के माध्यम से संदेश दिया कि पहले पढ़ाई, उसके बाद सगाई। बच्चो को शिक्षा प्राप्त करने का पूरा अवसर दें। बच्चो को शिक्षा प्राप्त करना मौलिक अधिकार है। सरकार इसके लिए शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा कर दिया है। छह साल से 18 साल तक के बच्चो को मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा दी जा रही है। इस अवसर पर प्रभारी रवींद्र पासवान, जसीम अहमद, गुलाम असरफ शिक्षक उपस्थित थे।

## एक नजर

### जहानाबाद सामाजिक न्याय विभाग ने दिव्यांगजनों के बीच बांटा उपकरण व अन्य यंत्र



**जहानाबाद।** टाउन हॉल में जिला प्रशासन द्वारा दिव्यांग यंत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन सांसद चंदेश्वर चंद्रवंशी एवं जिला पदाधिकारी रिची पांडे संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की बहुत अच्छी पहल है जिसमें दिव्यांग बच्चों को विभिन्न तरह के उपकार वितरण किया जा रहा है। ट्रायल साइकिल इत्यादि कई तरह के सामान दिव्यांगों को दिया जा रहा है उन्होंने कहा कि हमारे समाज में कई ऐसे बच्चे हैं जो जन्म से ही दिव्यांग हो जाते हैं और कई लोग कुछ घटना होने के बाद दिव्यांग हो जाते हैं। जिनको काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है महंगी होने के कारण लोग बाजार से खरीद नहीं पाते हैं। जिसके कारण उनको अपने जीवन जीने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है सामाजिक न्याय विभाग द्वारा यंत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें 194 यंत्र का वितरण किया गया उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की अच्छी पहल है और इस तरह का शिविर लगातार आयोजन किया जाए जिसका दिव्यांग लोग फायदा उठा सकें।

### जहानाबाद में झांसा देकर महिला को बनाया ठगी का शिकार, टेंपों चालक पकड़ाया

**जहानाबाद।** जहानाबाद में झांसा देकर एक महिला को ठगी कि शिकार बनाए जाने का मामला सामने आया है। बताया जाता है कि सुधा देवी नामक महिला जो बभना गांव की निवासी है। यह महिला कुछ दिन पहले टेकारी अपनी मायके गई थी। शनिवार को मायके से लौटकर जा रही थी जैसे ही अरवल मोड़ के समीप पहुंची। एक टेंपो सवार व्यक्ति ने उसे कहा कि मैं उसी तरफ जा रहा हूं, मेरे टेंपो में बैठ जाओ जैसे ही टेंपो पर बैठी और राजा बाजार मोहल्ले के पास पहुंची कि दो युवक उसके पास आए और पितल का जेवरात दिखाकर उस महिला से सोना का जेवरात लेकर फरार हो गए। तभी महिला जोर-जोर से चिल्लाने लगी। आसपास के लोग इकट्ठे हो गए महिला ने टेंपो चालक को पकड़ लिया। इस बात की सूचना नगर थाने के पुलिस को दी गई पुलिस टेंपो चालक को पकड़ कर थाने ले गई शहर में लगातार भोली भाली महिलाओं को ठगी का शिकार बना रहा है, एक गिरोह शहर में सक्रिय है जो अकेली महिला को रेकी कर अपने जाल में फसा लेता है और उसे ठगी का शिकार बनाता है।

### मिशन इंद्रधनुष 5.0 टीकाकरण अभियान की सफलता के लिए निकाली गई जागरुकता रैली



**जहानाबाद।** जहानाबाद में 27 नवंबर से शुरू हो रहे मिशन इंद्रधनुष 5.0 टीकाकरण अभियान के तृतीय चक्र की जागरूकता के लिए शनिवार को सदर अस्पताल स्थित जीएनएम स्कूल प्रांगण से छात्राओं की रैली यूनिसेफ के तत्वावधान में निकली गई। रैली को जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ प्रमोद कुमार एवं यूनिसेफ के एस एम सी संजीत रंजन के द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया रैली शहर के विभिन्न चौक चौराहा से होते हुए सदर अस्पताल परिसर में संपन्न हुआ। मिशन इंद्रधनुष के तृतीय चरण का कार्यक्रम 27 नवंबर 2023 से 02 दिसंबर 2023 तक चलाया जाएगा। जिसमें छूटे हुए बच्चों का टीकाकरण सुनिश्चित किया जाएगा।

### 12 दिवसीय तैराकी प्रशिक्षण में कुशल तैराक बच्चों को किया गया पुरुस्कृत

**गोह।** आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कार्यक्रम के तहत चलाए गए 12 दिवसीय सुरक्षित तैराकी प्रशिक्षण का समापन समारोह शनिवार को गौतम बुद्ध नगर भवन में हुआ। इसमे कुशल प्रशिक्षण लेने वाले बच्चो को प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में बीडीओ राजेश कुमार दिनकर, सीओ मुकेश कुमार उपस्थित हुए। कुशल प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले बच्चों को बीडीओ राजेश कुमार दिनकर ने तैराकी प्रशिक्षण प्रमाण पत्र एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

## खबरें फटाफट

### ग्रामीण विकास मंत्री की स्कॉट वाहन पलटी पांच जवान जख्मी

**औरंगाबाद।** ओबरा सड़क हादसे में बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार की स्कॉट वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। मामला औरंगाबाद जिले के ओबरा प्रखंड के तेजपुरा गांव के समीप की हैं। इस दौरान पांच पुलिसकर्मी जख्मी हो गए जिन्हें अनुमंडल अस्पताल दाऊदनगर में जख्मी पुलिस कर्मियों को भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दो पुलिस कर्मियों को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार मंत्री श्रवण कुमार किसी कार्यक्रम में शामिल होने पटना से डेहरी जा रहे थे। अचानक काफिले में चल रही पुलिस स्कॉट की गाड़ी असंतुलित होकर सड़क किनारे पलट गयी। काफिले में साथ चल रहे दाऊदनगर के सीओ नरेंद्र कुमार ने फौरन ग्रामीणों की मदद से जख्मी पुलिसकर्मियों को अस्पताल पहुंचाया गया।

### 11 साल बाद आर्म्स एक्ट में सुनाई गई दो साल की सजा

**औरंगाबाद।** एक कांड के अभियुक्त को गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस को देख नहर पर बैठा एक व्यक्ति अचानक भागने के क्रम में जिसे पुलिस ने पिछा कर धर दबोचा गया जिसके पास तालाशी के क्रम में एक देसी पिस्तौल बरामद किया गया था। जिसे 11 साल बाद दो साल की सजा सुनाई गई। सजा प्राप्त अभियुक्त सलैया थाना क्षेत्र के शिवा बिगहा गांव निवासी शिवनंदन यादव हैं। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एसीजेएम वन सौरभ सिंह ने सलैया थाना की एक कांड में निर्णय पर सुनवाई करते हुए एकमात्र अभियुक्त को सजा सुनाई है।

### शराब की खेप के साथ दो तस्कर धराए

**मदनपुर।** अंग्रेजी शराब से लदा एक ऑटो के साथ दो तस्कर को औरंगाबाद जिले के मदनपुर थाना की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए तस्करों में झारखंड के चतरा जिले के सिकन कुमार एवं टंडवा प्रतापपुर के रंजीत साव हैं। यह कार्रवाई थाना क्षेत्र के एनएच - 19 पर शिवनाथ बिगहा मोड़ के समीप की गई।

## उदवंतनगर थाना क्षेत्र के खजुआता गांव के समीप रोड किनारे मिला शव

# सब्जी खरीदने निकले छात्र की हत्या, चेहरे व ललाट पर करीब 10 जगह जख्म के निशान

- छात्र के बड़े भाई के ससुर व साले पर घरेलू विवाद में हत्या करने का आरोप
- शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद हत्या के कारणों की छानबीन में जुटी पुलिस

केटी न्यूज/आरा

भोजपुर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र में धारदार हथियार से स्नातक के एक छात्र की हत्या कर दी गयी। शुक्रवार की शाम सब्जी खरीदने निकले छात्र का शव शनिवार की सुबह उदवंतनगर थाना क्षेत्र के खजुआता गांव के पास सड़क किनारे से बरामद किया गया है। उसके चेहरे और ललाट पर करीब दस जगहों पर धारदार हथियार के जख्म के निशान पाए गए हैं। उसके जैकेट से मिले मोबाइल के जरिए उसकी पहचान की गयी। मृत छात्र मूल रूप से तरारी थाना क्षेत्र के कपूरडिहरा गांव निवासी देवकी सिंह का 21 वर्षीय पुत्र भानु प्रताप सिंह था। वह करीब 25 वर्षों से नवादा थाना क्षेत्र केजी रोड में अपने मकान में रहता था। वह दारोगा की परीक्षा की तैयारी कर रहा था।

हत्या का कारण फिलहाल पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो सका है। हालांकि उसके पिता की ओर से घरेलू विवाद में बड़े बेटे के साले और ससुर पर हत्या करने का आरोप लगाया गया है। इधर, पुलिस दो-तीन अन्य एंगल से छानबीन कर रही है। वहीं हत्या का खुलासा करने के लिए एसपी की ओर से एक टीम गठित कर दी गयी है। छात्र के पिता देवकी सिंह ने बताया कि शुक्रवार की शाम उसने करीब चार बजे उनकी भानू प्रताप से बातचीत हुई थी। उसके बाद रात करीब आठ बजे सब्जी खरीदने की बात कह वह निकला था, लेकिन देर रात घर नहीं लौटा। उसके बाद उसकी काफी खोजबीन की गयी। रिश्तेदारों और उसके दोस्तों से फोन कर जानकारी ली गयी। उसके बाद भी उसका कुछ पता नहीं चल पाया। इस बीच शनिवार की सुबह सूचना मिली कि खजुआता गांव स्थित सड़क किनारे से एक युवक का शव मिला है।

सूचना पर वे सदर सदर अस्पताल पहुंचे और शव की पहचान की। एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि एक युवक का शव बरामद किया गया है। युवक के पिता के बयान पर करनामेपुर ओपी के लालू डेरा निवासी समधी नारायण यादव और उनके पुत्र विनोद यादव के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज करायी जा रही है। मामले की हर एंगल से छानबीन की जा रही है। तकनीकी जांच की भी मदद ली जा रही है। आरोपितों की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है। कांड का जल्द ही उद्भेदन कर लिया जाएगा।



### पिता बोले... बड़े बेटे के ससुराल वालों ने दी थी धमकी

छात्र भानू प्रताप के पिता देवकी सिंह ने बताया कि उनके बड़े बेटे की करनामेपुर ओपी क्षेत्र के लालू के डेरा गांव निवासी नारायण यादव की बेटी से हुई। उनकी बहू और उसके मायके वालों से घरेलू कलह को लेकर विवाद चल रहा है। उसे लेकर बहू के मायके वालों द्वारा उनलोगों को काफी प्रताड़ित किया जा रहा था। उसी विवाद को लेकर समधी नारायण यादव और उनके पुत्र विनोद यादव द्वारा उनके छोटे बेटे भानू प्रताप को उठाने की धमकी भी दी गयी थी। उन्होंने दोनों पर छोटे बेटे भानू प्रताप को साजिश के तहत अगवा करने और धारदार हथियार से हत्या कर शव को फेंकने का आरोप लगाया है।

## शादी की दूसरी सालगिरह के चौथे दिन पंखे से लटका मिला विवाहिता का शव


**आरा।** भोजपुर के संदेश थाना क्षेत्र के देउवार गांव में शुक्रवार की शाम एक महिला का शव पंखे से लटका मिला। पति से झगड़े के बाद महिला द्वारा खुदकुशी किये जाने की बात कही जा रही है। सुबह में चाय बनाने को लेकर महिला का अपने पति से झगड़ा हुआ था। मृत महिला देउवार गांव निवासी पुरुषोत्तम गोस्वामी की 23 वर्षीया पत्नी खुशबू कुमारी थी। पुरुषोत्तम गोस्वामी यूपी में एक एनजीओ में काम करते हैं।

उन्होंने बताया कि वह बराबर छोटी-छोटी बातों को लेकर झगड़ा करती और गुस्से में जाकर कमरे का दरवाजा चार-चार घंटे बंद कर लेती थी। उसने बताया कि घर के सभी लोग रोज रात में गिलास दूध पीते हैं। गुरुवार की रात भी सभी ने दूध पी थी, लेकिन उसकी पत्नी ने नहीं पिया था। उसके हिस्से का दूध फ्रिज में रखा था। शुक्रवार की सुबह वह उठा, तो उसी के हिस्से की आधे दूध की चाय बना ली। बाद में उसकी पत्नी उठी, तो उसके साथ गाली-गलौज करने लगी। उसका कहना था हुए उसके हिस्से के दूध की चाय क्यों बनाई? आप लोगों को चाय पीनी थी, तो बाजार से दूध खरीद कर चाय बनाकर पीते। तब उसने कहा कि यहां परिवार के सभी लोग मौजूद हैं, ढंग से बात किया करो। इसी बात पर गुस्से में आकर उसने कमरे में जाकर दरवाजा बंद कर लिया। काफी देर बाद जब दरवाजा नहीं खुला तो उसने खिड़की के शीशे को तोड़ा, तो देखा कि वह गले में साड़ी बांध के पंखे से लटकी है।

## दोस्तों के साथ घूमने निकला बिहार पुलिस के हवलदार का बेटा लापता, हत्या की है आशंका

केटी न्यूज/आरा

शहर के नगर थाना क्षेत्र के उमा नगर इलाके में दोस्तों के साथ घूमने निकला स्नातक का एक छात्र लापता हो गया है। उसका कपड़ा और चप्पल चंदवा कुंडवा नदी के किनारे से बरामद किया गया है। मौके से गोली का एक पिलेट भी मिला है। ऐसे में छात्र की हत्या कर शव नदी में फेंकने की आशंका जताई जा रही है। आरोप उसके दोस्तों पर ही लगाया जा रहा है। छात्र मूल रूप से बक्सर जिले के अरक गांव निवासी नागेंद्र सिंह का 19 वर्षीय पुत्र ओमकेत सिंह है। नागेंद्र सिंह बिहार पुलिस में हवलदार हैं और फिलहाल सुपौल में पोस्टेड हैं।



स्नातक का छात्र आरा के उमा नगर मोहल्ले में किराए के मकान में रहता है। घटना का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। हालांकि दोस्तों के बीच आपसी विवाद में घटना को अंजाम दिये जाने का आरोप लगाया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार छात्र के दोस्तों में कुछ विवाद हुआ था। उसी मामले में दोस्त उसे समझौता कराने ले गये थे। इधर, सूचना मिलने पर नगर थानाध्यक्ष संजीव कुमार पहुंचे और छात्र की तलाश शुरू कर दी गयी। संदेह के आधार पर कुंडवा नदी में भी खोजबीन की जा रही है। उसके लिए एनडीआरएफ की भी मदद ली जा रही है। हालांकि शनिवार को शव बरामद नहीं हो सका। रविवार को फिर से एनडीआरएफ द्वारा सर्च अभियान शुरू किया जायेगा। पूछताछ के लिए कुछ संदिग्धों को भी उठाया गया है। इधर, छात्र की बरामदगी में डीआईयू टीम की भी मदद ली ली जा रही है।

## सीवी रमन टेलेंट सर्च परीक्षा में गोह के आठ छात्रों ने लहराया परचम

**औरंगाबाद । गोह।** मुख्यालय स्थित केवीएम क्लासेस के आठ छात्रों ने सी वी रमन टेलेंट सर्च परीक्षा में सफलता हासिल कर गोह का नाम रौशन किया है ' केवीएम क्लासेस के निर्देशक राहुल सिंह और कुंदन सिंह ने कहा की सीवी रमन टेलेंट सर्च परीक्षा प्रत्येक वर्ष बिहार सरकार के विज्ञान एवम प्रौधिकी मंत्रालय के निर्देशानुसार कराई जाती है। यह परीक्षा पूरे राज्य में 12न वंबर को आयोजित की गई थी। जिसमे केवीएम क्लासेस के शंभू प्रसाद यादव के पुत्र उत्कर्स राज जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिला का नाम रौशन किया है, वही दूसरे स्थान पर हिमांशु राज ,तीसरे स्थान पर शालिनी कुमारी श्रद्धा भारती पांचवे स्थान ,पर सफक कैनात छठे स्थान पर ,सुशांत कुमार सातवे स्थान, पर काशिक कुमार नौवे स्थान पर,ब्यूटी राय दसवें स्थान पर रहीं। विद्यालय के संचालक ने लग्न और उत्साह से अध्यन करने वाले परिश्रमी छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## पुनपुन बटाने के संगम तट पर अवस्थित विष्णु धाम परिसर में 27 को लगेगा मेला

# कार्तिक पूर्णिमा पर लाखों श्रद्धालु लगाएंगे डुबकी


केटी न्यूज/औरंगाबाद

जम्हेर सदर प्रखंड स्थित पुनपुन बटाने के संगम तट पर अवस्थित विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल विष्णु धाम परिसर में सनातनी परंपरा के महान पर्व कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मेला का आयोजन 27 नवंबर को होगा। विष्णु धाम के महंत बालकानंद ब्रह्मचारी ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर विष्णु धाम में विशाल मेला लगता है। पवित्र एवं पावन पुनपुन बटाने के संगम पर लाखों श्रद्धालु डूबकी लगाते हैं एवं विष्णु धाम में पहुंचकर पूजा अर्चना करते हैं। जम्होर विकास मंच के संयोजक सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल विष्णु धाम प्रकृति का अमूल्य धरोहर है।

इस स्थल का वर्णन पुराणों में भी आया है परमहंस सन्यासी खाकी बाबा जब इस स्थल पर आए तो उन्हें आत्म साक्षात्कार हुआ और उन्होंने इस स्थल की स्थापना की। संगम तट पर सदियों से



मेला का आयोजन होते रहा है। औरंगाबाद जिले का प्रथम स्थल है जहां कार्तिक पूर्णिमा में लाखों लोग स्नान करने आते हैं। बिहार के दूर दराज जिले के अलावा अन्य प्रदेशों से भी लोग यहां आकर स्नान करते हैं एवं विष्णु धाम में दर्शन करने के बाद पूर्ण हुए मनौती को पूरा होने पर विशेष अनुष्ठान करते हैं। विष्णु धाम परिसर में भगवान विष्णु की भव्य एवं दिव्य प्रतिमा स्थापित है। साथ में शिव परिवार, सिद्ध पीठ बजरंगबली, भगवान भास्कर का मंदिर, श्वेत बांध रामेश्वरम पत्थर, खाकी बाबा की समाधि, बद्रीनाथ मंदिर, नागेश्वर बाबा की समाधि, जानकी अशोक वृक्ष, काली मां का मंदिर, पुनपुन माता का मंदिर, त्रिसंकट निवारण वृक्ष, प्राचीन हनुमान मंदिर, ब्रह्मदंडी स्वामी का यज्ञस्थल भृगुरारी सहित अन्य स्थल भी दर्शनीय स्थल हैं। जम्होर का कार्तिक पूर्णिमा मेला व्यापारिक दृष्टिकोण से भी अति महत्वपूर्ण है। इस मेला में किसान लोग फसल काटने वाले उपकरण भी खरीदते हैं। शादी ब्याह में दिया जाने वाला फर्नीचर भी इस मेला में मिलती है। व्यंजन के शौकीन लोग कचरी की खरीदारी भी यहीं करते हैं। साथ में खेल तमाशा एवं अन्य सजावट के। सामानों के लिए खरीद बिक्री इस मेले में खूब की जाती है। लोहा के उपकरण की भी बिक्री खूब होती है।



# संस्कार में गिरावट के कारण मनुष्य में पशुता वास कर गई है, इसे दूर करना जरूरी: रामानंद

- कलश यात्रा के साथ पुराना भोजपुर में शुरू हुआ नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ
- शोभा यात्रा में पीतांबर पहने 108 कलशधारी हुए शामिल

केटी न्यूज/डुमरांव



शनिवार को गायत्री परिवार द्वारा पुराना भोजपुर में आयोजित किए जा रहे नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ की शुरूआत कलश यात्रा के साथ की गई। कलश यात्रा में भव्य जुलूस निकाल पूरे गांव का भ्रमण किया गया। शोभायात्रा में पीतांबर पहने 108 कलशधारी समेत गांव के सैकड़ों श्रद्धालु महिला, पुरुष व बच्चें शामिल हुए। यज्ञ स्थल से निकला कलश यात्रा गांव का भ्रमण करते हुए पश्चिम शिवालय पहुंचे। कलश यात्रा का शुभारंभ आयोजन समिति की सुधा भारद्वाज अनुराधा भारद्वाज एवं रोहित सिंह के द्वारा किया गया कलश यात्रा में महिलाएं एवं युवतियां पीले परिधान में कलश के साथ शामिल हुई। वहीं रथ पर गायत्री माता का रूप धारण कर युवतियां कलश यात्रा की शोभा बढ़ा रही थी। पश्चिम शिवालय के पास पहुंचे श्रद्धालुओं ने वरुण देवता की पूजा कर जलभरी कर यज्ञ स्थल पर वापस लौटीं। जहां गायत्री परिवार की परंपरा के अनुसार यज्ञ की विधिवत शुरूआत की गई। वहीं पूजा-अर्चना के बाद भंडारे का आयोजन किया गया, जहां सभी श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान दूर दराज और अन्य राज्यों से भी गायत्री शक्तिपीठ के श्रद्धालु इस कलश यात्रा में शामिल होने पुराना भोजपुर आए थे।

कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के उल्लास और शोभा यात्रा की सजावट से पूरा क्षेत्र भक्तिमय दिख रहा था। शोभायात्रा में यज्ञस्थल से जलभरी स्थल तक प्रशासनिक सजगता दिखी। नया भोजपुर ओपी थानाध्यक्ष मुकेश कुमार और सहायक थाने की टीम पैदल ही गश्त करती हुई शोभायात्रा के आगे आगे चल रही थी। पूजा-अर्चना के बाद संध्याकाल में प्रवचन का आयोजन किया गया जिसमें गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी रामानंद तिवारी ने प्रवचन किया।

संध्याकालीन कथा को संबोधित करते हुए कथावाचक ने कहा कि यह कार्यक्रम मानव में देवत्व और धरती पर स्वर्ग के अवतरण के निमित हो रहा है। उन्होंने कहा कि संस्कार में गिरावट के कारण आज मनुष्य में पशुता वास कर गई है। गायत्री महायज्ञ उसी पशुता को दूर करने का एक वैज्ञानिक प्रयोग है। इस महायज्ञ से जहां अज्ञानियों में भी ज्ञान का वास होता हैं, वही बिगड़े हुए सारे कामों के रास्ते स्वयं खुल जाते हैं। उन्होंने कहा कि आज वातावरण में वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण और ध्वनि प्रदूषण से मनुष्य का विचार ज्यादा प्रदूषित हो गया है। इस प्रदूषण को किसी दवा या वैज्ञानिक यंत्र द्वारा दूर नहीं किया जा सकता। यह केवल गायत्री महामंत्र के जाप से ही दूर हो सकता है। उन्होंने बताया कि प्रज्ञापुराण की कथा वैज्ञानिक अध्यात्मवाद का एक नया प्रयोग है, जिसमें मानव जाति के समस्त समस्याओं का समाधान छुपा हुआ है। महायज्ञ के संकल्प से क्षेत्र के हर घर में समृद्धि व शांति की भावना उत्पन्न होती है। सद्विचार एवं श्रेष्ठ आचरण द्वारा व्यक्ति, परिवार, समाज, देश और युग निर्माण का सपना ऐसे महायज्ञ का आयोजन कर साकार किया जा सकता है। इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्यों में रामजी सिंह, उदय सिंह, खुशी भारद्वाज, सबी भारद्वाज, विमलेश कुमार सिंह, उमेश गुप्ता रौनियार, दिनेश केसरी, आशीष गौतम, कृष भारद्वाज, कुंदन कुमार, आशीष कुमार, उमा देवी, गणेश भारद्वाज, ओमप्रकाश शर्मा, सहित अन्य कई उपस्थित रहें।

## खबरें फटाफट

### तीन गांव से पांच वारंटी गिरफ्तार

**नावानगर।** सोनवर्षा ओपी थाना क्षेत्र के तीन गांव से पांच वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। गिरफ्तार वारंटी में कतलपुर गांव से रामवतार यादव, नोनफर (समौसर) गांव से शत्रुघ्न चौधरी एवं धर्मेंद्र चौधरी तथा इटौंहा गांव से श्यामबिहारी यादव और स्वामीनाथ यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज है। ओपीध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि सभी वारंटी गांव आए हैं। सूचना पर तत्काल चिन्हित गांवों में छापेमारी किया गया। छापेमारी में तीनों गांव से पांचों वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### बिजली चोरी में छह पर एफआईआर

**कृष्णाब्रह्म।** विद्युत आपूर्ति प्रशाखा ब्रह्मपुर की टीम कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के नुआंव गांव में बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान छह लोगों को बिजली चोरी करते हुए चिन्हित किया गया। उन पर जुर्माना लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराया गया। एफआईआर ब्रह्मपुर जेई अमित कुमार राय ने दर्ज कराया है। इनमें कमलेश पासवान, जितेंद्र यादव, रमेश पासवान, विवेक यादव, अशोक सिंह, अमीन यादव शामिल हैं।

## लिंग आधारित भेदभाव के खिलाफ शुरू हुआ अभियान

# लिंग आधारित हिंसा का समाज पर बुरा प्रभाव पड़ेगा: डॉ. महेंद्र

केटी न्यूज/बक्सर



लिंग आधारित हिंसा सभ्य समाज के लिए कलंक के समान है। इस हिंसा का आने वाले समय में समाज पर काफी खराब प्रभाव पड़ेगा। यदि हम अभी से नहीं चेते तो बेटियों की संख्या इतनी कम हो जाएगी कि आने वाले समय में बहु खोजना पड़ेगा। उक्त बातें उप विकास आयुक्त डा. महेन्द्र पाल ने शनिवार को समाहरणालय परिसर स्थित सभा कक्ष में कही। वे लिंग आधारित भेदभाव के खिलाफ महिला एवं बाल विकास निगम व जीविका के संयुक्त तत्वावधान में नई चेतना पहल बदलाव की लिंग आधारित भेदभाव के खिलाफ शुरू हुए कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। बता दें कि इस कार्यक्रम की शुरूआत डीडीसी की अध्यक्षता में ही हुई। वही 25 से 23 नवंबर के बीच सभी प्रखंडो में इसका आयोजन किया जाएगा।

**समाज के लिए अभिशाप बन रहा है लैंगिक भेदभाव:** उप विकास आयुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि लिंग आधारित हिंसा से समाज के दुष्परिणाम एवं अभिश्राप का रूप ले रही है। इसमें महिला एवं पुरूष दोनों को जागरूक होना जरूरी है। डीडीसी ने कहा कि बक्सर जिला में लड़को के मुकाबले लड़कियों की संख्या घटी है, जो चिंता का विषय है। उन्होंने लोगों से लैंगिक भेदभाव नहीं करने की अपील की और कहा कि यह भेदभाव हमारे लिए काफी नुकसानदेह साबित हो सकता है। इस दौरान उन्होंने इस कार्यक्रम के उेदश्य पर भी प्रकाश डाला और बताया कि लिंगानुपात को बराबर करने तथा लिंग आधारित भेदभाव को समाप्त करना इस कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य है।

**सभी प्रखंडों में आयोजित होगा कार्यक्रम:** डीडीसी ने कहा कि लिंग भेद को मिटाने के लिए लोगों को जागरूक करने के उदेश्य से आज से 23 दिसम्बर 2023 तक सभी प्रखंडों के पंचायत स्तर तक लिंग आधारित भेदभाव के खिलाफ नई चेतना पहल बदलाव की कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम लैंगिक समानता और लिंग आधारित हिंसा के विषय पर केन्द्रित होगी। उन्होंने कहा कि इसकी रूपरेखा बना ली गई है। कार्यक्रम में अनुमंडल पुलिस धीरेन्द्र मिश्र, आईसीडीएस के जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, डीपीएम जीविका, महिला एवं बाल विकास निगम बक्सर, जिला परियोजना प्रबंधक, जिला मिशन समन्वयक, सभी परियोजना के बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, वन स्टॉप सेन्टर, जीविका के कर्मी एवं सभी परियोजना के महिला पर्यवेक्षिका उपस्थित थे।

**लिंगानुपात घटने से गंभीर है जिला प्रशासन:** जिले में लिंगानुपात में आई कमी ने जिला प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। बता दें कि इसके पहले मतदाता पुनरीक्षण कार्य में भी अधिक से अधिक महिला मतदाताओं का नाम जोड़ने का प्रयास जिला प्रशासन द्वारा किया गया है। इसके अलावे जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं।

## खेल को बढ़ावा देने के लिए सरकारी स्कूल के छात्रों को मिलेगी खेल सामग्री

**बक्सर।** जिले में खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खेल सामग्री एवं आवश्यकताओं का आकलन करने को लेकर विद्यालयों को निर्देशित किया गया है। इसके साथ ही विद्यालयों को ई शिक्षाकोष पोर्टल पर 11 दिसंबर तक आकलन को निश्चित रूप से अपलोड करने का निर्देश दिया गया है। यह निर्देश राज्य परियोजना निदेशक बी. कार्तिकेय धनजी के द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सर्व शिक्षा अभियान को दिया गया है।

विद्यालय में पठन-पाठन के साथ खेलकूद का भी लाभ बच्चों को प्रदान किया जाए। इसको लेकर खेल सामग्री की आवश्यकता पर बल दिया गया है। जिसका आंकलन कर विद्यालय के शिक्षकों द्वारा ई शिक्षाकोष पर अपलोड करने को लेकर निर्देश दिया गया है। जिसमें कहा गया है कि वार्षिक कार्य योजना एवं बजट 2023-24 में खेल सामग्री प्राथमिक विद्यालय के लिए 5000 रुपए प्रति विद्यालय, मध्य विद्यालय के लिए 10,000 रुपए प्रति विद्यालय एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय के लिए 25,000 रुपए प्रति विद्यालय की दर से राशि स्वीकृत की गई है। राज्य परियोजना निदेशक के पत्र के आलोक में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सर्व शिक्षा अभियान चंदन द्विवेदी ने विद्यालयों को पत्र जारी किया है।

## एक नजर

### राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने लहराया परचम, बढ़ाया मान



**बक्सर।** शेखपुरा जिला में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय ताईक्वांडो प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने अपना परचम लहरा पूरे राज्य में बक्सर का नाम रौशन किया है। इस प्रतियोगिता में बक्सर के अंकित यादव ने स्वर्ण पदक और सौरभ कुमार सिंह ने रजत पदक जीता है। वही अमन कुमार सिंह और दिव्यांशु कुमार ने कांस्य पदक प्राप्त किया। इस तरह बक्सर जिला के खिलाड़ियों का प्रतियोगिता में दबदबा रहा और जिला का नाम रौशन किये है। जिला ताईक्वांडो के सचिव संजय कुमार ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि शेखपुरा जिला के नवोदय विद्यालय में प्रतियोगिता 22 से 24 नवम्बर तक आयोजित हुआ था। जिसमें 27 जिलों के 650 खिलाड़ियो ने हिस्सा लिया था। कोच शैलेश सिंह ने बताया कि उनका जिले के खिलाड़ियों का प्रदर्शन काफी सराहनीय रहा और हम आशा करते है कि आगे और अच्छा प्रदर्शन करेंगे। इसके पहले भी विभिन्न प्रतियोगिताओं में जिल के ताइक्वांडो खिलाड़ियों का प्रदर्शन बेहतर रहा है। खिलाड़ियों के इस प्रदर्शन से उनके परिजन भी खुश है। वही खेल जगत से जुड़े लोगों ने जिला ताईक्वांडो टीम के इस प्रदर्शन पर बधाई दिया है।

### रामपुर पंचायत में मां काली के वार्षिकोत्सव पर अखंड हरी नाम कीर्तन का आयोजन

**केसठ।** प्रखंड अंतर्गत रामपुर पंचायत के स्थानीय ग्रामीण देवी मां काली का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। बता दे कि मां काली का वार्षिकोत्सव प्रति वर्ष कार्तिक मास शुक्ल पक्ष तदोपरी चतुर्दशी तिथि को मनाया जाता है। इस अवसर पर पूजा समिति द्वारा मंदिर एवं माता को पुष्प की माला आदि से सजाकर आकर्षक बना दिया गया है। वार्षिकोत्सव को लेकर एक दिन पहले कार्तिक मास शुक्ल पक्ष त्रयोदशी तिथि शनिवार से 24 घंटे के लिए मंदिर प्रांगण में भव्य हरि नाम कीर्तन का आयोजन किया गया है। कीर्तन गाने के लिए दशियांव, कचईनिया, रोहतास जिला के कोचस सहित विभिन्न जगहों से कीर्तन मंडली भाग लिए हैं। जिन लोगों द्वारा बारी-बारी से विभिन्न लय में विभिन्न साज बाज के साथ श्रद्धालुओं को हरि नाम कीर्तन का रसपान कराया जा रहा है। कीर्तन का शुभारंभ कोरान सराय निवासी आचार्य धनु पंडित द्वारा मां काली का विधिवत पूजा अर्चना के साथ हुआ। कीर्तन का समापन कार्तिक मास शुक्ल पक्ष तदोपरी चतुर्दशी तिथि रविवार को विधिवत पूजन हवन एवं भंडारे के साथ होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त ग्रामीण का सहयोग बढ़ चढ़कर है।

### पावर सब स्टेशन में लगा उपभोक्ता सहायता शिविर

**डुमरांव।** शनिवार को स्थानीय पॉवर सब स्टेशन कार्यालय में उपभोक्ता सहायता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अनुमंडल के विभिन्न गांवों से अपनी समस्याओं को लेकर आने वाले उपभोक्ताओं की शिकायतें सुनी गई तथा उनका त्वरित निष्पादन किया गया। शिविर में सहायक विद्युत अभियंता अर्जुन वर्मा के अलावे अनुमंडल क्षेत्र के सभी पांच प्रशाखाओं के कनीय विद्युत अभियंता मौजूद थे। सभी अधिकारियों ने अपने अपने क्षेत्र से संबंधित विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनी। इस दौरान विभिन्न प्रशाखाओं से बिजली बिल सुधार के अलावे नए कृषि विद्युत कनेक्शन के भी कई मामले सामने आए, जिनका विद्युत एईई अर्जुन वर्मा ने विभिन्न प्रशाखाओं के जेई को एक हफ्ते के भीतर निष्पादन करने का निर्देश दिया। सहायक विद्युत अभियंता ने बताया कि विभाग की इस मुहिम से उपभोक्ताओं को खासा सहूलियत मिली है। उन्होंने बताया कि आगे भी ऐसे शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए अधिकारी ने घर-घर दी दस्तक



केटी न्यूज/नावानगर

मतदाता सूची में प्रपत्र 6 के लिए चुनाव आयोग के निर्देश पर तेजी से अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत शनिवार को नावानगर पंचायत में विशेष शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें अधिकारी ने घर-घर दस्तक दिया। अधिकारी के इस पहल पर शिविर में कुल 96 लोगों का वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने के लिए प्रपत्र 6 के लिए आवेदन प्राप्त हुआ। जिसमें 18 से 19 वर्ष आयु के 85 युवाओं ने अपना आवेदन जमा किया। विगत दिनों प्रखंड के सभी बूथों पर आयोजित शिविर में काफी कम आवेदन प्राप्त हुए थे। लोगों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने के आवेदन जमा कराने में बीडीओ सह सीओ अजीत कुमार, बीपीआरओ श्यामबिहारी प्रसाद व कर्मियों ने पंचायत के सभी घरों तक पहुंचे। सीओ ने बताया कि पंचायत के भाग संख्या 304 से 309 का भ्रमण कर प्रपत्र 6 का आवेदन प्राप्त किया गया। जिसमें 32 युवक व 53 युवतियों ने आवेदन दिया। अन्य 11 लोगों ने भी नाम जोड़ने के लिए प्रपत्र 6 भरा है।

## आर्म्स एक्ट में दोषी को कोर्ट ने सुनाई तीन साल की सजा

**बक्सर।** जिले के राजपुर थाना द्वारा वर्ष 2017 में वाहन चेकिंग के दौरान अवैध असलहे के साथ पकडे. गए अभियुक्त को अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी कमलेश सिंह देऊ की कोर्ट में सुनवाई हुई। जिसमें कोर्ट ने एक अभियुक्त को आर्म्स ऐक्ट का दोषी पाते हुए तीन साल की सजा के साथ ही 10 हार रूपए का अर्थदंड भी लगाया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए अभियोजन पदाधिकारी राकेश कुमार राय ने बताया कि बर्ष 2017 में राजपुर थाना वाहन चेकिंग के दौरान एक युवक के पास से आर्म्स व कारतूस बरामद किया था। इसी मामले में पुलिस ने राजपुर थाना में सगरांव के सोनू पान्डेय उर्फ.सीताराम पान्डेय पिता हरिन्द्र पान्डेय के खिलाफ आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज किया था। न्यायाधीश कमलेश सिंह देऊ ने साक्ष्य के आधार पर दोषी पाकर अभियुक्त सोनू पान्डेय को 3 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

## भाजपा लीगल सेल की बैठक में संगठन की मजबूती पर हुई चर्चा



केटी न्यूज/बक्सर

शनिवार को बक्सर सिविल कोर्ट के सभागार में भाजपा लीगल सेल की संगठनात्मक बैठक बीजेपी लीगल सेल के जिला संयोजक सुमन कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसका संचालन शशिभूषण राय ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बीजेपी के पूर्व जिलाध्यक्ष अधिवक्ता केदारनाथ तिवारी, अधिवक्ता संघ के सचिव विन्देश्वरी पाण्डेय, अधिवक्ता रामकृष्ण चौबे उपस्थित हुए। बैठक में सुमन कुमार श्रीवास्तव के अलावे मुख्य अतिथि के द्वारा भी संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया तथा कहा गया कि किसी भी संगठन को मजबूत बनाने में लीगल सेल की अहम भूमिका होती है। भाजपा की संगठन को मजबूत बनाने में शुरू से ही अधिवक्ताओं की अहम भूमिका रही है और आगे भी रहेगी। इसके लिए पॉच सदस्यीय कमिटी की गठन करके डोर टू डोर सम्पर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। साथ ही अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास करने की बात कही गई।

## दूसरे दिन भी नहीं हुई मृतक की पहचान

**डुमरांव।** शुक्रवार की शाम डुमरांव थाना क्षेत्र के खीरिया ब्रह्म स्थान इलाके के एक खेत से बरामद हुए युवक के शव की शिनाख्त दूसरे दिन भी नहीं हो सकी है। हालांकि पुलिस द्वारा उक्त शव की पहचान के लिए आस पास के थानों से सहयोग मांगा गया है। लेकिन शनिवार को पूरे दिन किसी ने उक्त शव की पहचान नहीं की। जिससे युवक की मौत रहस्य बनते जा रहा है। बता दें कि गुरूवार की शाम खीरिया ब्रह्म बाबा से करीब एक किलोमीटर पूरब खेत में एक युवक का शव मिला था। वह औंधे मुंह पड़ा था।






## बक्सर के नया बाजार में होने वाले कार्यक्रम के लिए देश एवं विदेश से पहुंचेंगे श्रद्धालु एवं संत

# सीताराम विवाह महोत्सव की तैयारी शुरू, 10 से होगा आयोजन

केटी न्यूज/बक्सर



भगवान श्रीराम की कर्मभूमि बक्सर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महर्षि श्री खाकी बाबा सरकार का 54वां निर्वाण दिवस के अवसर पर नगर के नया बाजार में श्रीसीताराम विवाह महोत्सव 10 दिसंबर से 18 दिसंबर तक आयोजित होगा। इस आयोजन की तैयारी प्रारंभ हो गयी है। सीताराम विवाह महोत्सव के आयोजन से नगर वासियों में उत्साह का संचार कायम हो गया है। कार्यक्रम के दौरान बक्सर में भक्तिरस की अविरल धारा प्रवाहित होती है। वही इस दौरान कई प्रकार के धार्मिक आयोजन होता है। इस कार्यक्रम में श्रीसीता राम विवाह महोत्सव के साथ विशाल सत्संग समारोह भी होगा। वहीं श्रीराम-जानकी जी का 22वां पाटोत्सव भी मनाया जाएगा। समस्त कार्यक्रम नया बाजार के सीताराम विवाह महोत्सव आश्रम में 10 दिसंबर से 18 दिसंबर तक आयोजित होगा।

आश्रम के महंत राजा रामशरण दास जी महाराज ने बताया कि कार्यक्रम में देश-विदेश से कई संत और महात्मा पधार रहे हैं। श्री मलूक पीठाधीश्वर, जगत गुरु राजेंद्र देवाचार्य जी महाराज द्वारा श्रीमद भागवत कथा का श्रवण कराया जायेगा। श्रीमद भागवत कथा शाम तीन बजे से 6 बजे तक आयोजित होगा। वही कार्यक्रम में राष्ट्रीय संत मोरारी बापू के भी आने की संभावना है। महर्षि खाकी बाबा सरकार तथा मामा जी की कृपा से यह आयोजन प्रतिवर्ष निर्विघ्न संपन्न होता है। समस्त जिलेवासी इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना पूरा योगदान देते हैं। आयोजन को लेकर सभी तैयारियां की जा रही हैं। आश्रम के पिछले हिस्सा आई अस्पताल के समीप विशाल मैदान में 50 फिट चौड़ा व 60 फिट लंबे मंच का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। वहीं श्रद्धालुओ के बैठने के लिए भी तीन हिस्सों में पंडाल बन रहा है। दूर दराज से आये साधु संतो के लिए आश्रम के कमरे, नया बाजार के विभिन्न घरों के अलावा शहर के विभिन्न होटलों में व्यवस्था की जा रही है।

## बलिया में उमड़ने वाली भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने किए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

# कार्तिक पूर्णिमा पर आज आधी रात के बाद लगेगी आस्था की डुबकी, प्रशासन की रहेगी पैनी नजर

**केटी न्यूज/बलिया**

27 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा स्नान को लेकर जिला प्रशासन की तैयारियां जोरों पर है। महावीर घाट से लेकर शिवरामपुर घाट तक बैरिकेडिंग की जा रही है। बिजली विभाग तथा संबंधित ठेकेदार द्वारा प्रकाश की व्यवस्था रास्ते से लेकर स्नान घाट तक की जा रही है। वहीं जो घाट स्नान करने योग्य नहीं है, उस घाट को प्रशासन द्वारा प्रतिबंधित कर दिया गया है। मेला में सुरक्षा के लिए मीना बाजार चौकी की स्थापना की जा रही है। ताकि स्नान करने के बाद मेले में आए दर्शनार्थियों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो। इसके अलावा नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थान, मंदिर, रेलवे व बस स्टेशन से लेकर महावीर घाट होते हुए शिवरामपुर घाट तक भारी मात्रा में पीएसी व पुलिस बल के जवान शाम से ही तैनात रहेंगे। कार्तिक पूर्णिमा पर्व पर जनपद के अलावा गैर जनपद के लाखों की संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालु स्नान करने आते है, जो गंगा में स्नान करने के बाद बाबा बालेश्वर व भृगु मंदिर में दर्शन पूजन करते हैं।

इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था तथा यातायात व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन द्वारा पूरी तैयार कर लिया गया है। गंगा घाट, मंदिरों व सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा से लेकर भीड़ को नियंत्रण करने के लिए पूरा इंतजाम किया गया है। इसके मद्देनजर जिला मजिस्ट्रेट रविंद्र कुमार ने 16 सेक्टर में विभाजित कर सेक्टर वार मजिस्ट्रेट तैनात कर दिया है। जबकि सात जोनल मजिस्ट्रेट को तैनात किया गया है। इसके अलावा महावीर घाट से लेकर शिवरामपुर घाट तक जगह-जगह बैरिकेडिंग, नावों की व्यवस्था, जीवन रक्षक दवाओं के साथ ही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों का तैनात किया गया है। श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त मात्रा में सरकारी बसों को भी संचालन करने का निर्देश दिया गया है।

**16 सेक्टर में बंटा ददरी मेला व स्नान क्षेत्र:** भृगु मुनि के शिष्य दर्दर मुनि के नाम पर लगने वाले ऐतिहासिक ददरी मेला तथा कार्तिक पूर्णिमा स्नान के मद्देनजर 16 सेक्टर और सात जोन में विभाजित किया गया है। जिसके लिए पुलिस विभाग द्वारा करीब एक हजार अधिकारियों व कर्मचारियों को तैनात किया गया है। जिसमें 16 मजिस्ट्रेट व 16 सेक्टर पुलिस अधिकारी तैनात किए गए है। इसके अलावा पीएसी, एनडीआरएफ व अश्वरोही तैनात किए गए है। वहीं जनपद के अलावा वाराणसी, मऊ, आजमगढ़, जौनपुर, मिजार्पुर, चंदौली, भदोही जिले से संब इंस्पेक्टर, हेड कांस्टेबल, कांस्टेबल, महिला आरक्षी आ रही है।

**पांच स्थानों पर लगेंगे बैरियर:** कार्तिक पूर्णिमा स्नान में श्रद्धालुओं की होने वाली भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने नगर के बाहर पांच स्थानों पर बैरिकेडिंग की जाएगी। जिसमें राजधानी रोड पर माल्देपुर, बैरिया रोड पर कदम चौराहा, बांसडीह पर तिखमपुर, सिकंदरपुर रोड पर बहादुरपुर, गड़वार रोड पर पौहाड़ीपुर में बैरियर लगाएंगे जाएंगे। जहां वाहन चालक सवारी उतारने व चढ़ाने का



### आईजी के साथ डीएम व एसपी ने किया मेला क्षेत्र का निरीक्षण

**बलिया।** आईजी अखिलेश कुमार संग जिलाधिकारी रविंद्र कुमार और एसपी एस आनंद शनिवार को जनपद में लगने वाले ददरी मेला क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर लोगों की सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम सहित सभी अन्य तैयारियों का जायजा लिया।
जिलाधिकारी ने बताया कि मेला क्षेत्र में प्रवेश करने वाले वीआईपी और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले कलाकारों के लिए स्विस कॉटेज बनाने के साथ ही उनके रास्ते की बैरिकेडिंग करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि आम लोगों के लिए मेला क्षेत्र में प्रवेश के लिए अलग रास्ते होंगे। जिलाधिकारी ने मेला क्षेत्र में लगने वाले टेंट, पैगोडा ,गोलंबर का क्षेत्र,झूला क्षेत्र, सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए बनने वाले मंच, दुकानों की स्थिति, वाहनों के लिए पार्किंग, मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था, प्रदर्शनी सहित अन्य क्षेत्रों के बारे में जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मेला क्षेत्र में चार चौकी और एक थाना की स्थापना की जाएगी और मेला क्षेत्र में आम लोगों को पांच ओर प्रवेश करने की व्यवस्था की गई है।
आईजी ने सीओ सिटी वैभव पांडे को निर्देश दिया कि मेला क्षेत्र में प्रवेश करने वाली विभिन्न पतली गलियों को भी जोड़ दें, ताकि आमजन को आने जाने में सहूलियत हो सके।

### तीन बजे के बाद शहर में बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक

ददरी मेला कार्तिक पूर्णिमा स्नान महापर्व के अवसर पर रूट डायवर्जन किया गया है। शनिवार की दोपहर तीन बजे से शहर में बड़े वाहनों के प्रवेश पर पूर्णतया रोक रहेगी। एसपी एस आनंद ने बताया कि बैरिया की तरफ से आने वाले भारी मालवाहक व व्यावसायिक वाहनों को थाना दुबहड़ के पास मंगलवार की दोपहर तीन बजे से स्नान पर्व समाप्ति तक रोका जाएगा। यदि वाहन नरहीं व फेफना की तरफ जाना चाहते हैं तो चिरैया मोड़ से सहतवार, बांसडीह ,सुखपुरा, होते हुए गडंवार त्रिकालपुर तिराहा से फेफना व नरहीं जायेंगे। रेवती, सहतवार, बांसडीह की तरफ से आने वाले भारी वाहन को थाना बांसडीहरोड के पास स्नान पर्व समाप्ति तक रोका जायेगा। यदि वाहन नरहीं, रसड़ा व फेफना की तरफ जाना चाहते हैं, तो सुखपुरा, गड़वार त्रिकालपुर तिराहा होते फेफना, नरहीं जायेंगे। सिकन्दरपुर से आने वाले भारी वाहनों को हनुमानगंज चौकी के पास स्नान पर्व समाप्ति तक रोका जायेगा। यदि सिकन्दरपुर से आने वाले वाहनों को दुबहड़ हल्दी बैरिया जाना है, तो सुखपुरा होते हुए जायेगें।



## इतिहास के पन्नों में नए अध्याय दर्ज करेगा ददरी मेलाः दयाशंकर

**केटी न्यूज/बलिया**

पूर्वांचल के ऐतिहासिक ददरी मेला के भूमि पूजन समारोह के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि हमें विश्वास है कि संत कुमार उर्फ मिठाई लाल के नेतृत्व में उनकी टीम द्वारा नगर के विकास की नई गाथा लिखी जाएगी। कहा कि भारतेंदु हरिश्चंद्र ने जो सपना देखा था उनकी कल्पना के अनुरूप इस बार ददरी मेले में भारतेंदु मंच को भव्य रूप से स्थापित किया गया है। जिस पर रोज राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वे पूर्वांचल के ऐतिहासिक ददरी मेले के मीना बाजार के भारतेन्दु मंच के सामने शनिवार को अपराह्न आयोजित भूमि पूजन समारोह में वरिष्ठ आचार्य ज्ञान प्रकाश पाण्डेय, आचार्य आशीष तिवारी के नेतृत्व में भूमि पूजन ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। पूजा के मुख्य यजमान के रुप में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार, विशिष्ट अतिथि सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त, राजसभा सांसद नीरज शेखर, उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्रा, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष संत कुमार उर्फ मिठाई लाल पूजा में शामिल रहे। इस अवसर पर कांग्रेस के प्रांतीय नेता राजीव उपाध्याय, जितेन्द्र राय, भाजपा युवा नेता अरुण कुमार सिंह बंन्टू, संजय पांडेय, अनिल गुप्ता, वशिष्ठ दत्त पांडेय, सियाराम यादव, सीएमएस शामिल रहे।

### भूमि पूजन में शामिल हुए विदेशी मेहमान

ददरी मेला के भूमि पूजन में पहली बार विदेशी पर्यटकों का शनिवार को आगमन हुआ। जिनका स्वागत नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष संत लाल उर्फ मिठाई लाल ने गर्मजोशी के साथ किया। नपा अध्यक्ष ने बताया कि ददंरी मेले के इतिहास में शायद पहली बार विदेशी का आगमन मेले की लोक प्रियता के शुभ संकेत है। उन्होंने बताया कि आज बलिया वासी जो फ्रांस में निवास कर रहे हैं मनीष सिंह के नेतृत्व में मिस्टर जेनिट एल्डर, लूका माचेर्टी शनिवार को अपराह्न भूमि पूजन में पहुंचे। जिससे चार चांद लग गई। चेयरमैन संत कुमार उर्फ मिठाई लाल ने कहा कि 15 दिसंबर तक ऐतिहासिक ददरी मेला इस बार लखनऊ महोत्सव की तर्ज पर लगेगा। मेला को भव्य रूप देने के लिए लखनऊ की गोल्डन फ्रेंड्स कम्पनी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। पहली बार एसबीआई, सीमेंट सहित कई प्राइवेट कम्पनियां मेला लगाने में सहयोग कर रही है। अभी दर्जनों कंपनियों से सम्पर्क किया जा रहा है। पहली बार मेले में जर्मन हैंगर लगेगा। उसके आसपास चार सेफ हाउस, दो स्विस कॉटेज रहेंगे। अंतराष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। इसके साथ ही अन्य कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा।

## शादी समारोह से लौट रहे युवक की चाकू मारकर हत्या, हो रही छानबीन

**केटी न्यूज/बलिया**

सहतवार थाना क्षेत्र के मुड़ाडीह गांव के पास शुक्रवार की रात बदमाशों ने चाकू से गोद कर एक युवक को लहूलुहान कर दिया। युवक शादी समारोह से लौट रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। वहीं, पुलिस अधीक्षक एस आनंद एवं अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी तत्काल जिला अस्पताल पहुंच गये। पुलिस अधिकारियों ने परिजनों से घटना के बारे में पूछताछ की।

बताया जा रहा है कि सहतवार थाना क्षेत्र के अघैला निवासी दीपू पासवान पुत्र लालजी पासवान शुक्रवार को गांव के ही रंजीत के साथ मुड़ाडीह किसी के शादी समारोह में शामिल होने गया था। इसी बीच, सहतवार थाना क्षेत्र के ही मुड़ाडीह गांव के पास बदमाशों ने चाकू से गोदकर लहलुहान कर दिया। युवक को गंभीरावस्था में सीएचसी रेवती पहुंचाया गया, जहां से चिकित्सकों ने हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन युवक को बचाया नहीं जा सका। युवक की हत्या किसने और क्यों की? इन बिंदुओं पर पुलिस छानबीन कर रही है। वहीं, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर, सूचना मिलते ही सीओ बांसडीह शिव नारायण वैश्य तथा सहतवार थानाध्यक्ष दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर जानकारी एकत्रित किये।

**तीन सदस्यीय टीमें गठित:** अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि मुड़ाडीह गांव के पास चाकू मारकर युवक की हत्या के मामले में पुलिस की तीन टीमें गठित की गई है।

## शिक्षक संघ के प्रदेश प्रचार मंत्री बने डॉ देवेन्द्र प्रताप सिंह



**पीडीडीयू नगर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का चुनाव लखनऊ में हुआ। इसमें जिले के शिक्षक डॉ. देवेन्द्र प्रताप सिंह को संगठन का प्रदेश प्रचार मंत्री बनाया गया गया है। इनका निर्विरोध निर्वाचित हुआ है। यह जिम्मेदारी उन्हें चौथी बार दी गयी है। डॉ देवेन्द्र वर्तमान में सकलडीहा विकास खण्ड के कम्पोजिट विद्यालय रैपुरा के हेडमास्टर के पद पर कार्यरत हैं। इससे पहले वर्ष 2006 में सकलडीहा विकास खण्ड में ब्लाक अध्यक्ष, 2009 में चन्दौली जनपद में जिला मंत्री बनाये गये थे।

## समाधान दिवस पर अपर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सुनी फरियाद

**केटी न्यूज/मऊ**

मोहम्मदाबाद गोहना कोतवाली परिसर में शनिवार को चल रहे समाधान दिवस के मौके पर अपर जिलाधिकारी सत्यप्रिय सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे ने मौके पर पहुंचकर पीड़ितों की समस्या सुनते हुए मामले का निस्तारण सत्यता तथा गुणवत्ता पूर्वक करने के निर्देश दिया।

समाधान दिवस के मौके पर एक पुलिस विभाग तथा 12 राजस्व विभाग से पड़े प्रार्थना पत्र के दौरान ग्राम खालिसा निवासी भाई-भाई में जमीन के बंटवारे के विवाद को लेकर प्रथम पक्ष चंद्रमुखी पुत्र स्वर्गीय रामनाथ एवं तुर्की पक्ष के तुलसी पुत्र स्वर्गीय रामनाथ की प्रार्थना पत्र का पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे द्वारा गहन जांच के बाद मौके पर पुलिस टीम तथा राजस्व टीम को भेजा और निर्देश दिया कि इस मामले का निस्तारण गुणवत्ता एवं सत्यता पूर्वक कर कर हमें रिपोर्ट प्रेषित करें । इस दौरान नगर पंचायत के मोहल्ला सायफनपुर रमई राम पुत्र कालीचरन जमीन पर कब्जा करने के साथ जान से मार दिए जाने के धमकी के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया।

इसी प्रकार श्रीराम यादव पुत्र मुनेश्वर निवासी मीरपुर रहीमाबाद इनके जमीन पर गांव के कुछ लोगों द्वारा जबरदस्ती कब्जा करने को लेकर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस टीम को भेज कर मामले का निश्चरण सत्यता तथा गुणवत्ता पूर्वक करने के निर्देश दिए। 13 प्रार्थना पत्र में से किसी मामले का निस्तारण मौके पर नहीं हो सका । इस मौके पर अपर जिलाधिकारी सत्यप्रियसिंह ,पुलिस उपाधीक्षक डॉक्टर अजय विक्रम सिंह प्रभारी निरीक्षक संजय त्रिपाठी समेत समस्त उपनिरीक्षक पुलिस महिला आरक्षी मौजूद रहे ।

## चंदौली एसडीएम ने किसानों व केंद्र प्रभारी के साथ की बैठक

**चंदौली।** धान खरीद प्रक्रिया को किसानों के लिए बेहतर व सुविधाजनक बनाने के लिए एसडीएम सदर मनोज कुमार पाठक द्वारा नवीन मंडी परिसर में सभी केंद्र प्रभारी व किसानों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने किसानों ने क्रय केंद्रों पर धान बेचने में आ रही समस्याओं को जानने व उसके समाधान का प्रयास किया। इस दौरान एसडीएम ने बताया कि किसान धान सुखाकर लाए और केंद्र प्रभारी से मिलकर धान बेचने से पहले नमी नपवाले, ताकि किसी भी प्रकार की बाद में समस्या ना रहे। धान खरीद के लिए 17 प्रतिशत नमी की धान की खरीद की जाएगी और टोकन वितरण करने के बाद ही जिस डेट का रहे उसी दिन किसान धान लेकर क्रय केन्द्र पहुंचे। किसानों से अनुरोध किया कि धान सुखाकर लाएं, ताकि मंडी परिसर में किसी भी प्रकार की जाम की समस्या ना हो।

## नेहरू विद्यापीठ इंटर कालेज के ग्रीन पार्क स्टेडियम पहुंचा हमारा संकल्प विकसित भारत यात्रा रथ

# कई लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र व सीएम-पीएम आवास की सौंपी गई चाबी

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

प्रदेश व केन्द्र सरकार की संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने वाला हमारा संकल्प विकसित भारत यात्रा का रथ शनिवार को स्थानीय ब्लाक मुख्यालय के नेहरू विद्यापीठ इंटर कालेज के ग्रीन पार्क स्टेडियम में पहुंचा, जहां एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस बीच मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री ओमप्रकाश राय ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस दौरान करीब 25 विभिन्न लाभार्थियों को प्रमाण पत्र व पांच को सीएम/ पीएम



आवास व पांच को शौचालय की प्रतीकात्मक चाबी सौंपी गई।

इस सरकार के इस आयोजन में विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को आना था। मगर कई ऐसे अधिकारी व विभाग थे जो नदारद रहे।इस दौरान ड्रोन और मृदा स्वास्थ्य कार्ड का भी प्रदर्शन किया गया। यात्रा के दौरान 'मेरी कहानी, मेरी जुबानी' के तहत व्यक्तिगत सफलता की गाथाओं को भी शामिल किया गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि ने हमारा संकल्प विकसित भारत यात्रा रथ को आगे के लिए रवाना किया।इस दौरान बोलते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के द्वारा पिछले नौ वर्षों के अंतर्गत विभिन्न विभिन्न प्रकार की योजनाएं समाज कल्याण, गरीब कल्याण और समस्त समाज के उत्थान के लिए चलाई गई।यह केंद्र सरकार की एक व्यंगम यात्रा पूरे देश में प्रारंभ की गई है, कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य अत्यंत महत्वपूर्ण है, हमारे गांव-गांव में यह रथ पहुंचेंगे। इसमें केंद्र और प्रदेश सरकार की संपूर्ण जानकारियां रहेगी। इस अवसर पर डीडीओ सुबाष चंद सरोज,पूर्व प्रमुख मुकेश राय,सहायक विकास अधिकारी पंचायत अशोक यादव, सीडीपीओ अरूण कुमार दूबे, विनोद खरवार, चिकित्सा अधीक्षक डाक्टर अमर, विजय पाल, लल्लन सिंह, जिला कृषि अधिकारी यतिंद्र सिंह, जिला मत्स्य अधिकारी सपना पुरी, डीएसओ अनंत प्रताप,सचिव शशिप्रकाश राय, दीपक यादव, आलोक आदि मौजूद रहे, संचालन सचिव विनीत राय ने किया।

## एक नजर

### बलिया में बार्डर का विवादः तहसीलदार के नेतृत्व में बनी पांच सदस्यीय टीम करेगी सीमांकन



**सिकंदरपुर।** सिकंदरपुर तहसील क्षेत्र में स्थित ग्राम पंचायत लीलकर और सरयू पार बिहार की सीमा को लेकर एक बार फिर मामला गरमा गया है। रबी फसल की बुआई शुरू होते ही संभावित विवाद को देख किसान संघ के जिलाध्यक्ष विमलेश सिंह और उपाध्यक्ष विरेंद्र राय तथा लीलकर निवासी विमलेश राय उर्फ मुन्ना ने समाधान दिवस पर जिलाधिकारी को पत्रक सौंप कर प्राथमिकता के आधार पर सीमा विवाद को सुलझाने की गुहार लगाई थी। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने एसडीएम रवि कुमार को मामले की जांच कर यथाशीघ्र सीमा निर्धारण करने की निर्देश दिया था। डीएम के निर्देश के क्रम में एसडीएम ने तहसीलदार सिकंदरपुर संत विजय सिंह की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय टीम का गठन कर स्थलीय और अभिलेखीय आधार पर निरीक्षण कर सीमांकन करने को कहा है। उक्त कमेटी में सहायक चकबंदी अधिकारी, प्रभारी निरीक्षक सिकंदरपुर, क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक, संबंधित लेखपाल रखा गया है। इसके अलावा आंकड़ों की सत्यता और सही सीमांकन हेतु सर्वे विभाग के किसी सदस्य को भी उक्त टीम में रखने का निर्देश दिया है। बता दें हर साल रबी की बुआई के सीजन में बिहार के कुछ किसान सरयू पार लीलकर दियारे में कुछ भूमि पर अपना दावा ठोक देते हैं। यही नहीं कुछ भूमि में उनके द्वारा नदी किनारे की भूमि पर गेहूं और गन्ने की फसल भी बो दी जाती है। इसे लेकर अक्सर तनाव की स्थिति पैदा हो जाती है। जिसको लेकर संबंधित किसानों की टेंशन बढ़ जाती है। उधर एसडीएम के निर्देश के बाद भी अभी तक पांच सदस्यीय टीम द्वारा कोई सार्थक पहल न करने से किसान काफी परेशान है। इस संबंध में एसडीएम रवि कुमार ने बताया कि टीम को यथाशीघ्र सीमांकन करने का निर्देश दिया गया है।

### बूथ लेवल पर कार्य करने के लिए प्रशिक्षित हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ता



**चंदौली।** भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से शनिवार को जिला कार्यालय में जिला प्रशिक्षण वर्ग और जिला कर समिति आयोजित की गई। इसमें तीन सत्र चलाया गया। प्रथम सत्र व उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष काशीनाथ सिंह ने किया। उन्होंने मंडल सशक्तिकरण केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के विषय में और बूथ लेवल पर कैसे युवाओं को कम करना है।इसके बाद द्वितीय सत्र में के मुख्य अतिथि प्रदेश के महामंत्री देवेंद्र भाई पटेल रहे। कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो देशहित को सर्वोपरि मानती है।भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और इस पार्टी में न सिर्फ पदाधिकारी बल्कि प्रत्येक कार्यकताओं को क्षेत्र और जनता के बीच में बेहतर कार्य करने का प्रशिक्षण दिया जाता है। इसी संदर्भ में आखिरी लोकसभा चुनाव को जिला कर रखते हुए प्रशिक्षण का कार्यक्रम आयोजन किया गया है। जिलाध्यक्ष आशीष रघुवंशी ने कहा कि मंडल सशक्तिकरण अभियान में 25 से 26 तारीख तक वोटर चेतना अभियान के अंतर्गत सभी स्कूल कॉलेज के सामने युवा मोर्चा को कैंप लगाना है उसके बाद 27 से लेकर 30 तारीख तक के बीच में जनपद के सभी मंडलों में जिला पदाधिकारी द्वारा प्रवास कर वहां के मंडल कर समितियां में आजादी काव्य आगामी कार्यक्रमों सफलता के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद मंडल की में बाइक रैली वह नमो योद्धा की टीम तैयार करना है साथ ही बूथ स्तर से लेकर सेक्टर की टीम तैयार करना ही मुख्य उद्देश्य है। कहा कि संगठन का कार्य सेक्टर स्तर पर कैसे मजबूत हो और प्रत्येक बूथ परिवारों की एक टीम गठित कर बूथ को मजबूत करें।

### मऊ में मतदाता सूची में पंजीकरण के लिए चलाया जा रहा विशेष अभियान



**मऊ।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को मतदाता सूची में पंजीकरण कराने हेतु विशेष अभियान के क्रम में बूथ लेवल ऑफिसर अपने अपने मतदान केदो पर मतदाता सूची एवं फार्मो के साथ उपस्थित होकर 18 वर्ष से कम उम्र के मतदाताओं विभिन्न फार्मो को भरने एवं जमा करने हेतु अपने मतदान केदो पर तैनात रहें। जिसको लेकर सभी बूथ लेवल ऑफिसर 18 वर्ष पूरे होने पर मतदाताओं का आवेदन फार्म 6 फॉर्म 7 एवं फॉर्म आठ अलग-अलग मतदाताओं के फॉर्म को जमा करेंगे। जिसको लेकर सभी बीएलओ अपने-अपने मतदान केंद्र पर तैनात रहे । मतदाता पंजीकरण की जांच हेतु उप जिलाधिकारी हेमंत कुमार चौधरी ने विभिन्न मतदान केदो पर पहुंचकर बूथ लेवल ऑफिसर से जानकारी प्राप्त किया।उन्होंने निर्देश दिया कि पहली बार आवेदन करने वाले मतदाताओं का फॉर्म नंबर एवं मतदाता का अपमार्जित करवाने के लिए फॉर्म नंबर 7 तथा निवास परिवर्तन अथवा मतदाता सूची में संशोधन एवं दिव्यांग मतदाताओं के चीनी कारण हेतु फार्म आठ नंबर भरे। जिससे मतदाताओं को अपने मतों का प्रयोग करने में किसी प्रकार की समस्या ना हो ।मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश द्वारा यह विशेष अभियान चलाया गया है जो आगामी 26 नवंबर 2 दिसंबर एवं 3 दिसंबर तक जारी रहेगा।

दाँत का अस्पताल
शिवम डेन्टल मल्टीस्पेशलिटी क्लिनिक
AN ISO certified Clinic 9001 : 2015
पता - पाल कॉम्पलेक्स महराजा पेट्रोल पंप के बगल में स्टेशन रोड़, डुमरांव
मोबाईल नम्बर 7992243949, 9570259286
E mail id - kundan95702@gmail.com
दंत-रोपण एवं टूटे हुए जबड़े की सफल सर्जरी

डा. हिमांशु पाण्डेय
सुप्रसिद्ध दंत चिकित्सक
शिवम डेन्टल मल्टीस्पेशलिटी क्लिनिक